an>

Title: Need to construct a bye-pass in Mangaldai Parliamentary Constituency.

श्री दिलीप शईकीया (मंगलदोई): अध्यक्ष जी, मुझे पहली बार सदन में बोलने का मौका मिला है, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद ।

मैं असम के मंगलदोई लोक सभा क्षेत्र से आया हूं । हमारा मंगलदोई और उदलगुड़ी डिस्ट्रिक्ट दोनों ही एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट हैं । जो मंगलदोई टाउन है, वह करीब 17 किलोमीटर एनएच-15 के अंदर से होकर गुजरता है । अभी तक उस हाइवे में किसी बाईपास की व्यवस्था नहीं हुई है । इसके कारण मंगलदोई शहर में रोजना तीन-चार ऐसी दुर्घटनाएं होती हैं, जिसमें एक, दो, तीन, चार लोगों की मौत हो जाती है । यह बहुत ही गंभीर मामला है । इस विषय को भारत सरकार के माननीय मंत्री जी संज्ञान में लें और तुरंत बाईपास बनाने का काम शुरू किया जाए । हमारे मंगलदोई शहर में करीब 50 हजार लोग बसते हैं, उनके लिए बहुत ही सुविधा होगी । वहां बहुत बड़े-बड़े स्कूल्स हैं, बड़े नेशनल हाइवे है, बड़े-बड़े ट्रकों का आवागमन होता है, इसलिए मैं अनुरोध करता हूं कि मंगलदोई शहर में बाईपास का निर्माण शुरू किया जाए ।

दूसरा, मैं 377 में भी अपना विषय रखूंगा । अभी तक हमारा क्षेत्र रेल नेटवर्क से नहीं जुड़ा है । उस समय अगर आप मुझे मौका देंगे तो मैं 377 में अपना विषय रखूंगा । मेरा यह विषय है कि नेशनल हाइवे-15 में जल्द से जल्द बाईपास बनवाया जाए ।